मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित पांचवे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, देश की 94.5% ग्रामीण जनसंख्या के लिए 1 किलोमीटर की पैदल दूरी के क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय तथा 83 98% ग्रामीण जनसंख्या के लिए 3 किलोमीटर की पैदल दूरी वाले क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध हैं।

(ख) और (ग) नवीनतम उपलब्ध सूचना जो कि एक प्रकाशित दस्तावेज है, इसी सर्वेक्षण रिपोर्ट में है तथा यह संसद भवन की लाइब्रेरी में उपलब्ध है।

(घ) वर्ष 1993–94 के दौरान, प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त नामांकन क्रमशः लगभग 28 3 लाख तथा 12.06 लाख था।

(ङ) वर्ष 1993–94 के दौरान कक्षा I से V तथा कक्षा I से VIII के पढ़ाई बीच में छोडकर जाने वाले छात्रों की दर क्रमश: 36 32% तथा 52.80% थी।

बच्चे कई कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ते हैं, मुख्यत: ये कारण सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक प्रवृत्ति के होते हैं।

**महिलाओं के लिए साक्षरता कार्यक्रम**

4968. **प्रो० राम बख्श सिंह वर्मा** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री 24 मार्च, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1803 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार महिलाओं के लिये साक्षरता कार्यक्रम में जनसंख्या अध्ययन को समाविष्ट करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक अन्तिम रूप दे दिये जाने की संभावना है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का लक्ष्य कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना है। इसमें छोटे परिवार के आदर्श की व्यावहारिक जागरूकता शामिल है। चूंकि साक्षरता कार्यक्रमों मे महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर लक्ष्य समूह के रूप में सम्मिलित किया जाता है, अत वातावरण तयार करने, प्रशिक्षण सामग्रियों, प्रशिक्षण-अध्ययन इत्यादि जसे चल रहे साक्षरता अभियानों के विभिन्न चरणों के माध्यम से महिलाओं में जनसंख्या विषय से संबंधित देश प्रसारित किए जा रहे हैं।

**Setting up IIT'S in different States**

4969. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the states where Indian Institute of Technology (IIT) have not been set up;

(b) whether Orissa is one such State where IIT has not been set up;

(c) whether Government propose to set up IIT's in the States where no such institute is set up; and

(d) if so, by when and the steps taken in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KM. SELJA): (a) and (b) The Indian Institutes of Technology are not set up State-wise. There are six Indian Institutes of Technology located at Kharagpur (West Bengal). Bombay (Maharashtra), Kanpur (Uttar Pradesh). Madras (Tamilnadu), Delhi and Guwahati (Assam).

(c) and (d) There is no proposal to set up more Indian Institutes of Technology in the country.

**देश के पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा का निम्न स्तर**

4970. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की